बिहार सरकार
कला एवं संस्कृति विभाग

ज्ञाप संख्या--2सां/स.1--09/2026............/ पटना, दिनांक ..../2026

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

विषय :-- दिनांक--16 से 20 मार्च 2026 तक प्रस्तुति, पटना संस्था द्वारा प्रेमचन्द रंगशाला, पटना में प्रस्तुति उत्सव 2026 के आयोजन के निमित ₹ 5,00,000/--(पाँच लाख रूपये) मात्र की निकासी की स्वीकृति।

आदेश :-- स्वीकृत।

2-- राशि का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026--27 में मांग संख्या--08 के अधीन बजट शीर्ष "2205--कला एवं संस्कृति--102--कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन--0101--कला और संस्कृति का संवर्द्धन विपत्र कोड--08--2205001020101 के अंतर्गत विषय शीर्ष 2002 कान्फ्रेंस, कार्यशाला सेमिनार में होगा।

3-- इस राशि की निकासी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, पटना द्वारा जिला कोषागार, पटना से की जायेगी तथा उक्त राशि का नियमानुसार भुगतान प्रांगण, पटना संस्था को की जायेगी।

4-- इस राशि का व्यय वित्त संशोधन नियमावली 2024, बिहार कोषागार संहिता, विभागीय निदेशों तथा वित्त विभागीय संकल्पों के आलोक में नियमानुकूल किया जायेगा।

5-- जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा विषयांकित कार्यक्रम से संबंधित भुगतान वित्तीय नियमों का पालन करते हुए नियमानुकूल निर्धारित/प्रचलित दर के आधार पर किया जायेगा। साथ ही उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तावित परियोजना के अनुरूप किया गया है, इसकी समीक्षा कर तथा विपत्र के त्रुटिपूर्ण/अवांछित पाये जाने पर नियमानुसार कटौती की जा सकेगी। अगर राशि अवशेष बचे तो शीघ्र अथवा 31.03.2027 से पूर्व सरकारी खाते में वापस कर दिया जायेगा।

6-- यह स्वीकृति वित्त विभागीय परिपत्र सं0--2561 दिनांक--17.04.1998 एवं वित्त विभाग के संकल्प संख्या--12888, दिनांक--03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

7-- उक्त प्रस्ताव पर आंतरिक वितीय सलाहकार की सहमति संचिका सं0--2सां/स.1--09/2026 के पृष्ठ--06/टि0, दिनांक--05.05.2026 एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन पृष्ठ--05/टि0, दिनांक--30.04.2026 पर प्राप्त है।

8-- वित्त विभागीय परिपत्र संख्या--7355 वि (2) दिनांक--05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार से प्राधिकार--पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/--
(रूबी)
निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।

ज्ञापांक 87 / पटना, दिनांक 05/05/2026

प्रतिलिपि :-- जिला कोषागार पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:-- जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:-- सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक, (सांस्कृतिक कार्य)/प्रशाखा पदा0--1 एवं 2/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (बजट)/आई0टी0 प्रबंधक, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना/सचिव, प्रस्तुति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।

निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।